>

Title: Need to establish a Kendriya Vidyalaya at Kawardha in Kabirdham district of Chhattisgarh.

श्री मधुसूदन यादव (राजनंदगाँव): सभापति जी, छत्तीसगढ़ कबीरधाम कवर्धा जिला चार ब्लाकों का जिला है और चार में से तीन ब्लाक शैक्षणिक रूप से पिछड़े ब्लाकों में आते हैं। यहां पर संरक्षित अनुसूचित जनजाति वर्ग के वेगा आदिवासी लोग निवास करते हैं और इस क्षेत्र् में शिक्षा का उतना विस्तार नहीं हुआ है, जितना होना चाहिए। मैंने कई बार भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्री जी का ध्यान इस ओर दिलाया कि वहां एक केन्द्रीय विद्यालय प्रारम्भ किया जाए। परंतु सकारात्मक नजरिया नहीं होने की वजह से मैं यह विषय सदन में लोक महत्व के विषय के रूप में उठा रहा हूं।

महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि कबीरधाम जिले में इसी वर्ष केन्द्रीय विद्यालय प्रारम्भ किया जाए।